तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 27 अप्रैल 2025



13 शैलदेवी कालेज अंडा में पैरेंट्स व टीचर मीटिंग का...

14 योग जीवन को निरोगी और उत्तम कार्यों को करने की...





**खबर संक्षेप**



### मनीष सेन ने 11वीं बार रक्त दान कर दी प्रेरणा

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम पैरी के युवक मनीष सेन द्वारा कोरोना काल में खोए अपने पिता स्व मनोज सेन, चाचा स्व दिनेश सेन के चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर आर उनकी याद में 11 वी बार रक्तदान किया। सभी लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

### डुण्डेरा ग्राम पंचायत में अटल सुविधा केंद्र शुरू



**बालोद/सिकोसा।** ग्राम में सरपंच थलेश्वर कुमार सिन्हा एवं समस्त पंचों व अन्य ग्रामवासियों की उपस्थिति में अटल डिजीटल पंचायत सुविधा केंद्र का शुभारंभ एवं एक राष्ट्र –एक चुनाव और जल संरक्षण संकल्प पर लिया गया।

### माता कर्मा व भामाशाह जयंती 29 को मनाएंगे

**गुण्डरदेही।** तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव एवं दानवीर भामाशाह जयंती स्थानीय साहू सदन मे 29 अप्रैल को मनाया जाएगा।

**जांच :** पालिका के उपाध्यक्ष दुबे की शिकायत पर उपमुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश

# दल्ली राजहरा नगर पालिका में करोड़ों के घोटाले की जांच होगी : डिप्टी सीएम साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर पालिका परिशद दल्लीराजहरा के उपाध्यक्ष मनोज दुबे ने भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख की उपस्थिति मे उपमुख्यमंत्री व मंत्री नगरीय निकाय अरुण साव के बालोद प्रवास के दौरान नगर पालिका दल्ली राजहरा मे निविदा एवं अन्य कार्यो मे भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए अरूण साव से नगर पालिका के अधिकारियो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। मंत्री ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए जांच का आदेश दिया। मनोज दुबे ने अपनी शिकायत पत्र मे कहा कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी लेखपाल एवं उप अभियंता द्वारा 15 वे वित्त आयोग द्वारा टाइड मद से लगभग 2.47 करोड़ की खरीदी में आर्थिक अनियमितता की जांच की जाए।

> ■ 15वें वित्त आयोग के मद से लगभग 2 .47 करोड़ की खरीदी में आर्थिक अनियमितता करने का लगाया आरोप

नगर पालिका दल्ली राजहरा में 15 वे वित्त के टाइड ग्रांट ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत वाहन, उपस्कर क्रय किए जाने बेलिंग मशीन, पानी टैंकर, ई कार्ट फार गार्बेज, मोबाइल टायलेट, इंसीनेटर यूनिट, नाला मेन, सक्शन मशीन ट्वीन बिन(स्टील), ट्राइसाइकिल, टोइंग ट्रेलर मशीन जेम पोर्टल से खरीदी हेतु 2 करोड़ 47 लाख की निविदा जारी की गई थी, जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी, लेखपाल एवं सहायक अभियंता पर आरोप लगाया है कि उनके द्वारा ठेकदार को लाभ पहचाने के लिए कार्य से पहले ठेकदार को भुगतान किया गया है।

## टैंकर और ई रिक्शा की खरीदी में लाखों का घोटाला

### सामान खरीदी में शर्तों का पालन नहीं किया गया

जिसमे आरोप लगाया गया है कि सहायक अभियंता द्वारा अपने चेहते ठेकेदार को लाभ पहुचाने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी से साठ गांठ कर खुद को जेम पोर्टल का बायर बनाया गया और ठेकेदार के दिए नियम शर्तों को बिना सक्षम स्वीकृति लिए अलग अलग सामानों हेतु एक समान नियम शर्तों की बनाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बिना सामान आए ही लेखपाल के साथ मिलकर ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया जिसके बाद समान नगर पालिका में पहुंचा है जिसकी पुष्टि भंडार शाखा के पंजी से की जा सकती है भुगतान की तारीख ओर स्टॉक पंजी की तारीख से मिलान किया जा सकता है। नगर पालिका में वरिष्ठ अभियंता के रहते आए हुए सामानों का गुणवत्ता परीक्षण भी सहा. अभियंता द्वारा ही किया गया जो कि इसके बायर भी है वो इसलिए क्योंकि इनके द्वारा बिना सामान आए ही भुगतान किया जा चुका था इस हेतु गुणवत्ता परीक्षण भी स्वयं ही इनके द्वारा किया गया।

मनोज दुबे ने आरोप लगाया है कि इन सब प्रक्रिया में इन अधिकारियों ने इतनी जल्द बाजी की गई कि बिल को न विधिवत रूप से किसी लिपिक के द्वारा बढ़ाया गया न ही बिल को भंडार शाखा से बढ़ाया गया है। इन अधिकारियों को ठेकेदार को बिना सामान आए भुगतान करने की इतनी जल्दी थी कि बिना



पीआईसी परिषद से सक्षम स्वीकृति लिए बिना ही अग्रिम भुगतान कर दिया गया। जिस दिन नगर पालिका में समान आया उसी दिन स्वक्षता दीदियों द्वारा समान खराब होने की शिकायत सामूहिक रूप से नगर पालिका अध्यक्ष को की गई थी और सीएमओ ने दूसरा सामान मंगवाना का वादा कर इन्हीं कर्मचारियों पर दबाव बनवाकर उनसे ही इसको काम में लाने के लिए कहकर इसका उपयोग करवाया गया।

उपाध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि मार्केट में जो टैंकर 165000 में मिलता है उसे नगर पालिका अधिकारी द्वारा 450000 में ओर ई रिक्शा जो 128100 में मार्केट में मिलता है उसे 433000 में खरीद कर शासन को लाखों की चपत लगाई गई है। शासन के भंडार नियम का वो केंद्र शासन के 15 वे वित्त के तहत आदेश का पालन नहीं किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूर्व में कोंडागांव नगर पालिका में आर्थिक अनियमितता बरतने पर शासन द्वारा इनको सस्पेंड किया गया था इनके द्वारा हाईकोर्ट से स्टे लेकर फिर से आर्थिक अनियमितता बरतते हुए शासन को लाखों की चपत लगाई गई है। इसलिए 15 वे वित्त आयोग के टाइड ग्रांट मद से हुए सामग्री सप्लाई कार्य में हुए भ्रष्टाचार की जांच कर दोषी अधिकारियों से वसूली की कार्यवाही की जाए।

# संत शिरोमणि सेन की जयंती मनाई, विशाल रथ पर मंगल यात्रा निकाली






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संत शिरोमणि श्री सेन महराज की बालोद जिला स्तरीय सेन जंयती समारोह डौंडीलोहारा में आयोजित की गई थी। जिसमे पुरे जिले के सेन समाज की उपस्थिति रही।

समारोह के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पुर्व मंत्री विधायक अनिला भेड़िया थी। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद चन्द्रेश हिरवानी ने किया एवं समापन समारोह में विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, प्रदेश अध्यक्ष पुनित राम सेन, प्रदेश सचिव छग प्रान्त सेन समाज भुवन लाल कौशिक, उपाध्यक्ष छंग प्रान्त सेन समाज अविनाश ठाकुर, पुर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष सेन समाज संतोष कौशिक, उपाध्यक्ष नगर पंचायत डौंडीलोहारा नेहा, जिला अध्यक्ष दुर्ग भीखम सेन, जिला अध्यक्ष रायपुर मनोज ठाकुर की उपस्थिति में एतिहासिक जयंती समारोह मनाई गई। समारोह में पुरे जिले से 5000 की संख्या में सेन समाज के महिला पुरूष उपस्थित थे। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान युवा बच्चों कलाकारों सहित जिले भर से समाज के पंच, सरपंच, जनपद में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया।

> ■ समारोह पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया की उपस्थिति उल्लेखनीय रही

विशाल रथ मे मंगल कलश के साथ रैली निकाली गई। बालोद जिला अध्यक्ष जगन कौशिक, उपाध्यक्ष संतोष सेन, सचिव जितेन्द्र श्रीवास, कोषाध्यक्ष झगगर कौशिक, मोहन सेन, ब्लाक अध्यक्ष बिशेसर सेन, रवि सेन, लोचन सेन, छननु सेन, संतोष सेन, घनश्याम कौशिक सहित जिले के समस्त इकाई पदाधिकारियों ने समस्त अतिथियों का शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।







# नहीं मिलेगी फूटी कौड़ी, पालक और शिक्षक करेंगे समर कैंप में जनसहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी एक मई से पन्द्रह जून तक लगने वाले ग्रीष्मकालीन अवकाश के बीच समर कैंप लगाने के निर्देश राज्य के शिक्षा महकमे ने जारी कर दिया है। वही यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि, समर कैंप के लिए अलग से कोई बजट नही दिया जाएगा। इसके लिए शिक्षक और पालक जनसहयोग से कार्यक्रम आयोजित करेगें। इस फरमान के बाद शिक्षको के भी होश उड गए हैं।

उल्लेखनीय है कि, तिमाही और अर्धवार्षिक जैसे परीक्षा में भी फंड के अभाव में शिक्षको को दो चार होना पडा था। जानकारी अनुसार समर कैंप कराने दो साल पहले ग्रीष्मकालीन अवकाश का कार्यक्रम संकुल, ब्लाक और जिला स्तर पर रखा जाता रहा है। इसके लिए उन दिनों बजट भी जारी किए जाते रहे हैं। जबकि इस बार राज्य सरकार ने बजट जारी किए जाने से होश खडे कर दिए है। महकमे ने 25 अप्रैल को जारी आदेश में कहा है कि, 1 मई, 2025 में 15 जून, 2025 तक विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावी है।

इस दौरान छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्र कर उनमें बहुमुखी कौशल का विकास किया जा सकता है। रचनात्मक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं के पालक एवं उनके शिक्षकों का मार्गदर्शन उपयोगी हो सकता है। छात्र-छात्राओं में परस्पर रचनात्मक गतिविधियों के आदान-प्रदान के लिए समर कैम्प आयोजित किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को समर कैम्प स्कूलों में अथवा गांव, शहर के सामुदायिक स्थानों में आयोजित करने कहा हैं। कहा गया है कि, समर कैम्प में कला क्षेत्र, रचनात्मक क्षेत्र के विशेषज्ञों को आमंत्रित करके उनसे छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण दिलाया जा सकता है। ग्रास शहर में निकट विभिय बड़े संस्थानों (आद्योगिक संस्थान, मेडिकल कॉलेज आदि) का भ्रमण भी कराया जा सकता है।

## राज्य के शिक्षा सचिव ने जारी किया आदेश, कहा- अपने स्तर पर करें कार्यक्रम

### इन विधाओं का लगाया जाएगा कैंप

राज्य के शिक्षा सचिव सिध्दार्थ कोमल परदेशी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि, समर कैम्प में चित्रकारी, गायन, बादन, निबंध, कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य, खेलकूद, अपने गांव, शहर का ऐतिहासिक परिचय आदि गतिविधियां कराई जाए। इन गतिविधियों के अलावा आप अपने स्तर पर भी रचनात्मक गतिविधियों का भी चयन कर सकते हैं। ममर कैम्प के आयोजन से पूर्व शाला विकास समिति एवं पालक शिक्षक समिति से सहमति लिया जाए।



### स्वैच्छिक होगा समर कैंप का आयोजन

शासन ने आदेश में यह भी साफ किया है कि, समर कैंप के लिए पालको से अनुमति लेनी होगी। यह कार्यक्रम पूर्णतः स्वैच्छिक रहेगा तथा समर कैम्प प्रातः 07:30 बजे से 09:30 बजे के मध्य संचालित किया जाएगा। जनसहयोग का पर्याप्त उपयोग करने कहा गया हैं। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से पृथक से कोई बजट देय नहीं होगा। जिला स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर कार्यक्रम आयोजित करने कहा गया हैं। वही कहा गया है कि, समर कैम्प की अवधि निर्धारण करने एवं इसे बंद करने हेतु कलेक्टर को अधिकृत होगे।

## खबर संक्षेप

### विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

**दुर्ग।** शास पूर्व माध्यमिक विद्यालय चीचा विखं. धमधा में मोर आवास, मोर अधिकार और पृथ्वी दिवस पर कक्षा सातवीं व आठवीं के विद्यार्थियों ने चित्रकला निबंध प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान परीक्षा में भाग लिया। जिसमें कक्षा आठवीं से निबंध प्रतियोगिता में रोमा वर्मा प्रथम, साहिल साहू द्वितीय, सामान्य ज्ञान परीक्षा में प्रथम ओमकार वर्मा, द्वितीय रोमा वर्मा, चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा सातवी कि दिव्यांका वर्मा प्रथम, वैशाली द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के संचालनकर्ता शिक्षक संतोष कुमार बघेल, प्रधान पाठक एनएल साहू सहित शाला परिवार की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### कॉलेज में भाषण व स्लोगन प्रतियोगिता

**दुर्ग।** साइंस कालेज के अर्थशास्त्र विभाग में अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर भाषण व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. अंशुमाला चन्दनगर के द्वारा पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम नरेन्दर अंथाल, द्वितीय मीरा भूरिया तथा तृतीय स्थान पर आशी सिंह रही। साथ ही स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम खुशबू मानिकपुर, द्वितीय स्थान पर प्रथम मेश्राम रहे। कार्यक्रम में 7 अप्रेल को हुए अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस पर निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. नीता मिश्रा, डॉ. जिज्ञासा पाण्डेय, डॉ. वंदना कश्यप तथा एम.ए. द्वितीय व चतुर्थ कक्षा के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### खेलो इंडिया का ट्रायल 29 व 30 को

**दुर्ग।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग छग शासन द्वारा बिलासपुर जिले में संचालित खेलों इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक बालक-बालिका आवासीय खेल अकादमी एवं राज्य शासन द्वारा बालिका आवासीय कबड्डी अकादमी में सत्र 2025-26 हेतु नवीन खिलाड़ियों को प्रवेश दिया जा रहा है। आवासीय अकादमियों में प्रवेश के लिए तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक बालक-बालिकाओं एवं बालिका कबड्डी चयन ट्रायल का आयोजन 29 व 30 अप्रैल को होगा।

### अतिक्रमण के कारण सीसी रोड का काम अधूरा, रहवासी परेशान

**पाटन।** नगर पालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 में सीसी रोड का निर्माण कार्य मेन रोड से डॉक्टर अश्वनी साहू, सोनू साहू के घर होते हुए निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य अंतिम छोर से आ रही है। वहीं मेन रोड के पास निर्माण कार्य को अतिक्रमण के कारण से रोका गया है। आपको बता दे अतिक्रमण को हटाने के लिए सर्वप्रथम नगर पालिका के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी को आवेदन 18 मार्च को दिया गया था। अतिक्रमण नहीं हटने के बाद तहसीलदार को 11 अप्रैल को आवेदन दिया गया फिर भी कार्रवाई नही हुई तत्पश्चात अनुभागीय अधिकारी पाटन के समक्ष 15 अप्रैल 2025 को भाजपा नेता नगर महामंत्री सोनू साहू के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसमें वार्डवासियों का पूरा सहयोग रहा है। उसके बाद भी अतिक्रमण को आज तक नहीं हटाया गया। भाजपा नेता सोनू साहू ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि आखिर किसकी दबाव में अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही अधिकारियों के द्वारा नहीं की जा रही है। समझ से परे हैं। निर्माण कार्य हफ्ते भर से अधूरा है।

## खेती: जिले के सोसायटियों में 37 फीसदी भंडारण, फिर भी वितरण 18 टन

# सोसायटियों से अधिक निजी दुकानदारों ने बाजार में बेचा खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खेती किसानी की गंभीरता को लेकर जिला प्रशासन से ज्यादा बाजार के निजी दुकानदार आगे निकल गए है। सहकारी सोसायटियों में 18227 टन खाद का भंडारण होने के बाद भी वितरण सिर्फ 18 टन (लगभग जीरो) किया गया है। जबकि निजी दुकानों में भंडारण 2165 टन किया गया है। जिसमें वितरण (बिक्री) 284 टन हो गया हैं।

इस तरह खेती किसानों की शुरूआती दौर में ही निजी दुकानदरों ने सोसायटियों को पीछे छोड दिया है। खरीफ सीजन में खेती किसानी के लिए टारगेट के मुकाबले तीस फीसदी खाद का भंडारण पूरा हो गया है। लेकिन किसानों के बीच खाद वितरण में निजी दुकानदारों ने प्रशासन को पीछे छोड दिया है। खरीफ के शुरूआती दौर में डीएपी खाद की डिमांड अधिक होती है। इसका लक्ष्य 15800 टन है, जबकि भंडारण 1697 टन भंडारण हुआ है। जानकारी अनुसार इस बार सहकारी और निजी दुकानदारों में खाद भंडारण किए जाने के लिए 64970 का टारगेट तय किया गया है। इसमें 44140 सहकारी सोसायटी और 20830 टन खाद निजी दुकानदारों को उपलब्ध कराना है। अब तक जिला विपणन संघ द्वारा जहां सहकारी में 16262 टन खाद भंडारण कर चुके है, वहीं निजी दुकानदारों को 2165 टन खाद दिया गया है। जिला प्रशासन किसानों को जल्द खाद उठाव करने की सलाह देने में पीछे हो गए है। भंडारण खाद में अब तक निजी दुकानदारों ने 266 टन खाद वितरित कर चुके हैं। जबकि सहकारी सोसायटियों में सिर्फ 18 टन खाद किसानों को वितरित किया गया हैं।

**खास बातें**

- निजी दुकानदारों ने सोसायटियों को पीछे छोड़ा
- टारगेट के मुकाबले तीस फीसदी खाद का भंडारण पूरा
- जिला प्रशासन किसानों को जल्द उठाव करने की दे रहे सलाह

**वर्ष 2025 खरीफ सीजन के लिए शुरू हुई खाद भंडारण की प्रक्रिया**



| खाद | टारगेट | भंडारण | वितरण |
|---|---|---|---|
| यूरिया | 27600 टन | 6157 टन | 146 टन |
| सुफा | 10500 टन | 6947 टन | 50 टन |
| डीएपी | 15800 टन | 1697 टन | 14 टन |

### डीएपी की रहती है ज्यादा डिमांड

केन्द्र से डिमांड के अनुसार रैक आने के बाद इसे जिला विपणन संघ द्वारा गोदाम में रखा जाता है। मार्कफेड द्वारा ही जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के जिलेभर में सोसायटियों को मांग के अनुसार खाद उपलब्ध कराती हैं। जिला प्रशासन द्वारा किसानों को भीड से बचने के लिए अप्रैल माह से ही खाद उठाव कर लेने की सलाह दी जा रही हैं। अमूमन देखा जाता है कि, खेती सीजन के बीच एक साथ किसान सोसायटी पहुंचते है, जहां भीड के चलते अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो जाती हैं।

### समिति में डीएपी खाद नहीं, कलेक्टर को ज्ञापन

जिले के ग्राम बोडेगांव ननकट्टी के किसान रवि ताम्रकार ने कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होने सोसायटियों में डीएपी खाद नही होने की शिकायत की है। खरीफ सीजन प्रारंभ हुए एक माह हो चुका है। लेकिन खाद भंडारण नही होने से कर्ज वितरण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। उनका कहना हैं कि, डीएपी 18:46 का दर निर्धारित नही किए जाने से पीओएस मशीन में एंट्री नही होने से वितरण नही किया जा रहा हैं। किसान लगातार सोसायटियों का चक्कर कांट रहे हैं। उन्होने किसानों को एक साथ डीएपी, यूरिया व पोटाश वितरित करने की मांग की हैं।

### पोटाश हुआ पिछले साल से सस्ता

इस बार किसानों को डीएपी में राहत मिली है। डीएपी पचास केजी का दर पिछले साल की तरह 1350 रूपए है। खेती में इसकी उपयोगिता शुरूआत से आखिर समय तक रहती है। बहरहाल सोसायटी में इसका भंडारण शुरू हो गया है। वहीं यूरिया भी पिछले साल की तरह 266 रूपए पर है। वही पोटाश 1650 से कम होकर 1555 हो गया हैं। इस तरह खाद में किसानों को इस बार राहत मिलेगी।

**अग्रिम उठाव के निर्देश**

जिला के किसानों को परेशानी से बचने के लिए अग्रिम उठाव करने जागरूक किया जा रहा है। आगे वितरण में तेजी आएगी। **-संदीप भोई,** डीडीए, दुर्ग

## फिल्म निर्माता पर कार्रवाई करने ब्राम्हण समाज ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप के विरुद्ध एफआईआर की मांग को लेकर सर्व ब्राम्हण समाज ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा हैं। अनुराग कश्यप ने एक बयान के दौरान ब्राह्मण समाज के प्रति अमर्यादित और आपत्तिजनक भाषा का उपयोग किया गया है। इसके विरोध में आज दुर्ग सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा ज्ञापन सौपा गया। उनकी यह टिप्पणी न केवल सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाली है, बल्कि यह एक सम्पूर्ण समुदाय की मान-मर्यादा और भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली है। ब्राह्मण समाज ने कहा कि, इस प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अनुराग कश्यप के विरुद्ध तुरंत एफआईआर एवम् अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए, इस दौरान शशिकांत तिवारी राष्ट्रीय महासचिव, सुरेंद्र शर्मा संभागीय अध्यक्ष, सुमित शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, राकेश कुमार शुक्ला प्रदेश सचिव, नविता शर्मा प्रदेश उपा महिला मंच, दीपक मिश्रा, हेमंत तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, जितेंद्र तिवारी, बृजमोहन तिवारी, राकेश दुबे, मुकेश तिवारी, मंजरी दुबे, प्रीति बेहरा, मृदुला शुक्ला, अजय शर्मा, प्रीति राहुल दुबे, ज्योति शर्मा, शुभम दुबे, विजय शर्मा आदि थे।

## चेम्बर ऑफ कामर्स ने दी श्रद्धांजलि

**दुर्ग।** छग चेंबर एंड इंडस्ट्रीज द्वारा शुक्रवार को नरसंहार मे बलिदान हुए भारतीय नागरिको एवम छत्तीसगढ़ रायपुर के व्यापारी को विनम्र भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। महामंत्री अजय भसीन ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि, इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी ने भी घटना में बलिदान देने वाले सभी पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते हुए आतंकियों को अमानवीय कहा। दीप जलाकर सभी मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। दीप श्रद्धांजलि में प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, दुर्ग जिले से प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी, प्रदेश मंत्री दीपक चोपड़ा व दुर्ग चेम्बर से चैनसुख भट्टर, सुभाष बाकलीवाल, दिलीप मारोठी, पवन बढ़जात्या, मेहंदी भाई सामनानी, दर्शन ठाकवानी, बृजमोहन खंडेलवाल, प्रहलाद रूंगता, किशोर जैन, कुलदीप सिंह, बहादुर अली थारानी, विनय खंडेलवाल, विनीत खैतान, सुनील जस्वानी, आशीष निमजे , मनोज गोयल अन्य सभी व्यापारीगण उपस्थित हुए।



## सभापति सहित एमआईसी सदस्यों ने कानून व्यवस्था में कसावट लाने एसपी से की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम सभापति श्याम शर्मा के नेतृत्व में एमआईसी और पार्षदों के साथ एसपी कार्यालय में नवपदस्थ एसपी विजय अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा ने दुर्ग शहर में कानून व्यवस्था, यातायात और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की।

सभापति श्री शर्मा ने शहर के नए एसपी श्री अग्रवाल को शहर में कानून व्यवस्था, यातायात और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने शहर में इन क्षेत्रों में सुधार के लिए आवश्यक कदमों के बारे में निवेदन किया। एसपी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे इन मुद्दों को गंभीरता से देखेंगे और आवश्यक कदम उठाएंगे। इस दौरान एमआईसी सदस्य काशीराम कोसरे, मनीष साहू, शिव नायक, कुलेश्वर साहू, गुलाब वर्मा, कमल देवगन, सजय अग्रवाल, मनीष कोठारी, गुलशन साहू, सरस निर्मलकर, खिलावन मटियारा, गुड्डु यादव, ललित ढीमर, जिंतेंद्र महोबिया व संभव जैन उपस्थित रहे।

## बार-बार झूठा श्रेय न लें महापौर-विपक्षी पार्षद

**दुर्ग।** नगरनिगम के विपक्षीय कांग्रेस पार्षद दल ने महापौर अल्का बाघमार पर तंज कसते हुए कहा है कि, शिवनाथ नदी मुक्ति धाम रोड का पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल और माननीय पूर्व विधायक अरुण वोरा के समय रोड का भूमि पूजन हुआ था। उक्त रोड के प्रस्ताव में सीमेंटीकरण, डिवाइडर, लाइट, डामरीकरण सहित सारे काम उसमें प्रस्ताव में थे। वहां पर बार-बार झूठा श्रेय देने के लिए रोड का भूमि पूजन कर रही है। नगर निगम में शासन से पैसा तो ला नहीं पा रही है। पुराने कामों का जिनका भूमि पूजन हो चुका है, उन कार्यों का बार-बार भूमि पूजन कर रही है। कांग्रेस पार्षद दल ने कहा है कि, इस तरह के कार्य न कर विकास कार्य के लिए शासन से फंड लाए। जिससे शहर का विकास कार्य चालू हो जाए। आज स्थिति ये है कि, सारे पार्षद परेशान है। उनके वार्ड में काम नहीं हो रहे है। पुराने काम को छोड़ नए काम के लिए फंड की मांग करने वालों में नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, उप नेता प्रतिपक्ष विजयंत पटेल, आरएन वर्मा, दीपक साहू, भास्कर कुंडले, मनीष बघेल, अश्विनी निषाद, रुबीना हमीद खोखर, नीरा खिचड़िया, रेखा बंजारे, पायल पाटिल, मनीषा सोनी हैं।

## पहलगाम में हिंदुओं की निर्मम हत्या के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जम्मू-कश्मीर के पवित्र स्थल पहलगाम में हुए इस्लामिक आतंकवादी हमले में हिंदू तीर्थयात्रियों की पहचान कर की गई

- नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि

नृशंस हत्या से समूचा देश शोक और आक्रोश में डूबा है। इस अमानवीय कृत्य के विरोध में आज दुर्ग नगर में सकल हिंदू समाज, दुर्ग सराफा संघ एवं हिंदू युवा मंच (छ.ग.) के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल रात्रिकालीन श्रद्धांजलि मार्च का आयोजन किया गया।



यह श्रद्धांजलि मार्च रात्रि 9 बजे दुर्ग नगर के हृदय स्थल लंगूर वीर चौक से प्रारंभ हुआ, जो शनिचरी बाजार, गांधी चौक, जवाहर चौक, पुराना बस स्टैंड होते हुए पटेल चौक स्थित शिव मंदिर परिसर में जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में व्यापारी, युवजन, समाजसेवी एवं श्रद्धालु नागरिकों ने मौन जुलूस में भाग लेकर अपने आक्रोश और पीड़ा को संयमित एवं संगठित रूप में अभिव्यक्त किया। मार्च का नेतृत्व नगर निगम सभापति श्री अरुण सिंह, प्रकाश सांखला, श्याम शर्मा, कैलाश बरमेचा, अरुण अग्रवाल, चुन्नीलाल, भीम जैन ने किया, जिनके साथ-साथ श्रीकुमार नायर, गोविंद राज नायडू, राजा देवांगन, राज गुप्ता, जय देवांगन, दीपक चंद्राकर, पवन बड़जात्या, निर्मल बोथरा, ताराचंद काकरिया, नथमल भंडारी, दिनेश भाई शाह, नेमीचंद भंडारी, हरीश श्रीश्रीमाल, आकाश जैन, गौतमचंद बोथरा, प्रणय संचेती सहित समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 किया गया जारी

# नशा के खिलाफ चलाया गया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह के रोकथाम एवं एक युद्ध नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम व रैलियों का आयोजन किया गया।

- जागरुकता कार्यक्रम व रैलियों का किया गया आयोजन

जिसके अंतर्गत पाटन विकासखण्ड के ग्राम छाटा और दुर्ग विकासखण्ड के ग्राम नगपुरा में कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें सरपंच, सचिव, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व ग्रामीणों को



महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग में पदस्थ सीता कनौजे एवं चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 से आशीष साहू, भारती चौबे, सविता साहू, सखि वन स्टाप 181 से असंति साहू, हिना द्वारा भिक्षावृत्ति, बाल विवाह रोकथाम, दत्तक ग्रहण, महिला उत्पीड़न, फास्टर केयर, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की विस्तृत जानकारी दी गई।

### बाल विवाह प्रतिषेध के बारे में बताए गए

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार बच्चों को यह भी जानकारी दी गई कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को प्रतिबंधित करता है। अगर कोई 21 वर्ष से कम आयु के लड़के 18 वर्ष से कम आयु की किसी बालिका से विवाह करता या कराता है तो उसे दो वर्ष तक के कठोर कारवास अथवा जुर्माना जो कि एक लाख रूपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा उसकी सहायता करता है, उन्हें दण्डित किया जा सकता है तथा कोई व्यक्ति जो बाल विवाह को बढ़ावा अथवा जानबूझकर उसकी अनुमति देता है, बाल विवाह में सम्मिलित होता है तो उसे भी दण्डित अथवा जानबुझकर उसकी अनुमति देता है, बाल विवाह में सम्मिलित होता है तो उसे भी दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह को विमर्श में लेकर उन कारणों को पूर्णतः समाप्त कर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाना आवश्यक है। बाल विवाह की सूचना व जानकारी प्राप्त होने पर 1098 चाईल्ड हेल्प लाईन दुर्ग में संपर्क कर सकते हैं।

## हिंदूवादी संगठन ने दी श्रद्धांजलि बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहीद भगत सिंह चौक दुर्ग में कश्मीर के आतंकवादी घटना से खौल रहे हिंदू समाज ने आज अश्रु पूरित श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन मनोज ठाकरे प्रदेश अध्यक्ष सनातन संघ ने किया। कार्यक्रम में भारतीय सनातन संघ रक्षा मंच आर्य वीर दल, सेल्यूट तिरंगा संगठन राष्ट्रीय युवा वाहिनी के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आर्य समाज के आचार्य डॉ. अजय आर्य ने अपनी जोशीली कविता आतंक विषधर है खड़ा फन कुचलना चाहिए पढ़कर जोश भरा। उन्होंने कहा-कश्मीर में की गई हत्या हिंदुओं की हत्या नहीं है यह मानवता की हत्या है। पूरा देश उबल रहा है। आर्य समाज मंदिर आर्य नगर दुर्ग के प्रधान संजय आर्य मंत्री मनोज आर्य कोषाध्यक्ष कृष्णमूर्ति आर्य वैदिक विद्वान डॉ अजय आर्य, आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 के पुरोहित आचार्य अंकित शर्मा, संजय साहू, भारतीय युवा वाहिनी के अध्यक्ष, डॉ निर्मला गुप्ता सैल्यूट तिरंगा संगठन आर्य वीर दल संभाग संचालक इंद्र कुमार आर्य, जिला मंत्री हिमांशु आर्य, आर्य वीरांगना दल जिला संचालिका साक्षी आर्या जिला मंत्री कविता आर्या, अंकित आर्य तुषार आर्य, आयुष आर्य, सनातन महासंघ प्रांतीय अध्यक्ष मनोज ठाकरे किशोर कन्नौजिया, बजरंग दल से विभाग संयोजक रामलोचन तिवारी ,जिला संयोजक सौरभ देवांगन, महेश नायडू, भावेश चावड़ा आदि शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ सहायक व समग्र शिक्षक फेडरेशन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई दुर्ग के प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर दुर्ग के नाम अपर कलेक्टर अरविंद कुमार एक्का को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश में अवकाश पर प्रतिबंध और मुख्यालय न छोड़ने के आदेश को शिथिल करने की मांग की। सुशासन तिहार के अंतर्गत 31 मई 2025 तक कलेक्टर दुर्ग द्वारा जारी एक आदेश में जिला के समस्त कर्मचारियों के अवकाश स्वीकृत पर प्रतिबंध और मुख्यालय न छोड़ने का आदेश जारी किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का 1 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश होता है। कई माह पूर्व ही अवकाश काल में परिवार के साथ रिश्तेदारी में शादी ब्याह या तीर्थ व पर्यटन स्थलों में जाने का कार्यक्रम तय कर लिया जाता है। ऐसे में इस तरह के आदेश जारी होने से जिला के शिक्षक संवर्ग में निराशा का माहौल है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ सहायक/समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई दुर्ग के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर दुर्ग के नाम ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों के लिए अवकाश स्वीकृत न करने और मुख्यालय न छोड़ने के आदेश को शिथिल करने की मांग की है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, पाटन ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सिंह परिहार, उपाध्यक्ष द्वय राजकुमार बघेल, टेकेश्वर प्रसाद यदु, अंकेश महिपाल, दानेश्वर प्रसाद वर्मा, मानसमणि यदु, अशोक कुमार ओझा आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### नेहरु नगर पूर्व में हफ्तेभर से 24 घंटे जल रही स्ट्रीट लाइट

**भिलाई ।** भीषण गर्मी में एक तरफ तो शहर के लोग बिजली गुल होने से परेशान हैं वहीं दूसरी ओर नगर निगम बिजली के वेस्टेज को लेकर लापरवाह बना हुआ है। नेगरु नगर पूर्व में पिछले 19 अप्रेल से चौबीस घंटे स्ट्रीट लाइट जल रही है। इससे विभाग को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। नेहरु नगर के जागरुक लोगों द्वारा इस ओर भिलाई निगम के नेहरु नगर जोन कार्यालय में निदान-1100 नंबर पर फोन कर ध्यानाकर्षित करने पर कर्मचारी द्वारा बार बार जवाब दिया जाता है कि शिकायत का पांच दिन में निदान किया जाएगा। अभी पांच दिन नहीं हुए हैं। नगर निगम की इस लापरवाही से लाखों रुपए की बिजली बर्बाद हो रही है। चौबीस घंटे बिजली जलती रहने की समस्या का निदान चाहने वाले जागरुक लोगों ने बताया कि निगम अधिकारी बिजली की इस तरह बर्बादी रोकने के साथ लापरवाह लोगों पर भी कार्रवाई करें।

### प्रधानमंत्री आवास की लाटरी 30 अप्रैल को

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में शासन की जनकल्याणकारी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान का निर्माण किया गया है। मकान के लिए पात्र हितग्राही जो अभी तक अंशदान की राशि जमा नहीं किए है वे 29 अप्रैल तक मकान का 10 प्रतिशत राशि जमा कर दे। जो हितग्राही मकान का 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किये है, वे हितग्राही लाटरी में भाग लेकर अपने स्वयं के मकान के हकदार होगें। लाटरी नगर निगम भिलाई मुख्य कार्यालय सभागार में 30 अप्रैल को सुबह 11 बजे आयोजित है। संबंधित हितग्राही रसीद की कापी के साथ समय पर उपस्थित होकर लाटरी में शामिल हो सकते है। प्रमुख स्थल कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया, एनार स्टेट खम्हरिया, आम्रपाली हाउसिंग बार्ड, माईल स्टोन स्कूल के पीछे खम्हरिया में निर्मित मकानों का आबंटन खुली लाटरी पद्वति के माध्यम से किया जायेगा। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल का नागरिको से अपील है कि प्रधानमंत्री आवास के तहत बनाए गये मकान बहुत मजबूत है। इसमें सभी प्रकार की सुविधा दी गई है, जो एक घर में होना चाहिए।

**बैठक :** डिप्टी सीएम साव ने जिले के प्रवास के दौरान पीएचई अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक निर्देश दिए

# पेयजल समस्या का निराकरण पूर्वानुमान के आधार पर कर आपूर्ति सुनिश्चित करें : साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन, लोक निर्माण तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरूण साव ने शुक्रवार 25 अपै्रल को बालोद जिले के प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में नगरीय प्रशासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर संबंधित विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने नगरीय प्रशासन विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को मौजूदा ग्रीष्म ऋतु के दौरान आम जनता को पेयजल एवं निस्तारी हेतु पानी की समस्या से जुझना न पडे, इसके लिए सभी को समुचित मात्र में पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। साव ने अधिकारियों को पेयजल समस्या के निराकरण हेतु पूर्वानुमान लगाकर समय पूर्व समस्या के निराकरण हेतु प्रबंध करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले के नगरीय निकायों तथा लोक निर्माण एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के लिए स्वीकृत एवं प्रगतिरत निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश भी दिए।

बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक सहित लोक निर्माण एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता सहित नगरीय प्रशासन विभाग के संयुक्त संचालक के अलावा संबंधित विभागों के कार्यपालन अभियंता एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में उपमुख्यमंत्री साव ने जिले के सभी नगरीय निकायों में पेयजल की व्यवस्था, 15वें वित्त के कार्य, नगरीय क्षेत्रें में साफ–सफाई की व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति, अटल परिसर के निर्माण कार्य आदि के प्रगति के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से बारी–बारी से जानकारी ली। उपमुख्यमंत्री ने नगर पालिका बालोद के व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को बालोद शहर में जिला मुख्यालय के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा शहरवासियों को बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में उपमुख्यमंत्री साव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले में पेयजल के व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान आम जनता को पेयजल संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े इसके लिए समय पूर्व व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। साव ने जिन ग्रामों में हैण्डपंप आदि खराब है उन स्थानों पर पानी की आपूर्ति हेतु वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में उपमुख्यमंत्री साव ने जिले में पेयजल आपूर्ति हेतु वर्तमान में 70 ट्यूबवेल की स्वीकृति प्रदान करने की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासन से 70 ट्यूबवेल की स्वीकृति मिलने के उपरांत इसका निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा।

**स्वीकृति मिलते ही 70 ट्यूबवेल का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा**




### कार्यों के संबंध में जानकारी ली

बैठक में उपमुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग से विभाग के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा करने तथा निर्माण कार्यों में शत प्रतिशत गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को अपने कार्य के प्रति निष्ठा एवं समर्पण के साथ पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए आम जनता में शासन प्रशासन के प्रति बेहतर छवि निर्माण तथा विश्वास का भाव जागृत करने में महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

## डिप्टी सीएम साव और सांसद नाग का जैन निवास में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग नई दिल्ली के पूर्व सदस्य यशवंत जैन के बालोद निवास पर पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बालोद प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं सांसद भोजराज नाग अपने बालोद प्रवास के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत जैन के निवास पर पहुंचे, जहां भारतीय जनता पाटएँ के कार्यकर्ताओं एवं परिवार जनों ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं सांसद भोजराज की नाग का गर्मजोशी और आत्मीयता से स्वागत किया, अरुण साव ने कार्यकर्ताओं को पूरा समय दिया, करीब 1 घंटा यशवंत जैन के निवास पर कार्यकर्ताओं के बीच रहे।

इस अवसर पर भारतीय जनता पाटएँ जिले के अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व अध्यक्ष पवन साहू, वरिष्ठ नेता अभिषेक शुक्ला, नगर पालिका के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री शाहिद खान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, भाजपा पार्षद गिरजेश गुप्ता, आशा पटेल, सुनीता मनहर, दल्ली राजहरा के नगर पालिका उपाध्यक्ष पिंटू दुबे, मुस्ताक खान, रामेश्वर साहू, भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि प्रकाश पांडे, मनोहर नाहटा, विनोद जैन, संतोष पाठक, निलेश नाहटा, सौरभ जैन, शुभम जैन, छवि सर्वा, निशा योगी, प्रीतिबाला साहू, दिव्या बजाज, नीतू सोनवानी, आशुतोष कौशिक, अभिन्न यादव, जैन, महावेश्वरी समाज के स्वरूप राठी, अनिल पंपालिया, केशव मंत्री सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।





## शैलदेवी कालेज अंडा में पैरेंट्स व टीचर मीटिंग का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग में दिनांक 26 अप्रैल 2025 को पैरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। पैरेंट्स-टीचर मीटिंग के आयोजन हेतु अभिभावकों को महाविद्यालय में आमंत्रित कर विद्यार्थियो के संबंध में चर्चा की गई। वर्तमान परिदृश्य में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु टीचर एवं अभिभावकों के मध्य सहयोग एवं सामंजस्य स्थापित करना अत्यंत आवश्यक होता जा रहा है, जिससे न केवल विद्यार्थियो की प्रगति का आंकलन हो सके अपितु विद्यार्थियो के दृष्टिकोण एवं उनकी क्षमता को समझा जा सके। इस बैठक में अभिभावकों को छात्रों की शिक्षा तथा उनकी शैक्षणिक विकास से अवगत कराया गया। अभिभावकों के साथ छात्रों के व्यवहार एवं उनके क्रियाकलापों पर चर्चा की गई तथा उनकी क्षमता तथा कमजोरियों कों समझने का प्रयास किया गया। वर्तमान में शासन द्वारा लागू की गई नई शिक्षा नीति से विद्यार्थियों को होने वालें फायदे तथा शिक्षा व्यवस्था में आए परिवर्तन के संदर्भ में अभिभावकों को जानकारी प्रदान की गई, जिससे अभिभावक छात्रों को उनकी क्षमता का आकलन करने और बेहतर विकल्प चुनने में सहयोग प्रदान कर सके। अभिभावकों से घर में भी बच्चो के क्रियाकलापों पर ध्यान देने और समय समय पर उनसे संवाद करते रहने की आवश्यकता पर जोर दिया गया, जिससे वे अपनी बातो को अभिभावकों के समक्ष खुल कर व्यक्त कर सके और अकेलेपन, डिप्रेशन जैसी समस्याओं से निजात पा सके। कार्यक्रम के समापन पर सभी अभीभावको को धन्यवाद प्रेषित किया गया तथा भविष्य में भी विद्यार्थियो के सर्वांगीण विकास हेतु मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

## पानी, बिजली और सफाई पर पक्ष-विपक्ष ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

■ कुम्हारी में सामान्य सभा की बैठक आयोजित

सामान्य सभा की बैठक में बुधवार को भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के लगभग सभी पार्षद उपस्थित रहे। इस बैठक में मुख्य चर्चा का विषय जलापूर्ति, बिजली और सफाई की समस्या मुख्य रूप से रही जिस पर चर्चा के अंतर्गत दोनों ही पक्षों द्वारा इस समस्या के निवारण के लिए खुलकर चर्चा की गई। इस बीच जमकर आरोप और प्रत्यारोप का दौर भी चला। महिला पार्षद रितिका यादव ने जलापूर्ति के लिए टेंकर व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए समय पर आपूर्ति नहीं की जाने की शिकायत की, लेखराम साहू ने कहा कि पानी की व्यवस्था पूरी तरह से बिगाड़ दिया गया है, पूर्व में घर-घर नल से पानी सप्लाई होता था, साथ ही पात्रा तालाब, बड़े तरैया को पानी से भर कर जल स्तर बना रहता था, अब पानी टैंकर से भी पूरा करने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि नगर में टैंकर मुक्त पानी सप्लाई की व्यवस्था होनी चाहिए। इसी प्रकार नेता प्रतिपक्ष जानकी ध्रुव ने भी अपने वार्ड की समस्याओं के साथ टैंकर व्यवस्था पर सवाल उठाए। पार्षद ओंकार प्रसाद मारकंडे ने कटाक्ष करते हुए कहा कि यहां लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है तो दूसरी ओर स्वीमिंग पूल निर्माण किये जाने कि बातें हो रही हैं।

नगर में स्वच्छता के विषय पर गंभीर चर्चा कि गई ताकि जनता को इस समस्या से मुक्ति मिल सके। प



### उचित कदम उठाने का दिया आश्वासन

विषय की गंभीरता को देखते हुए नगरपालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने तत्काल उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया एवं सभी सदस्यों से अपील करते हुए समझाया कि सदन की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए एक दूसरे का सम्मान करें अपनी बातों को तथ्यपरक रखें। जनहित को सर्वोपरि मानकर दलगत भावना से ऊपर उठकर सेवा भाव से मिलजुलकर एक परिवार की तरह कार्य करें, नगर की समस्याओं का समाधान और विकास ही हमारा लक्ष्य है इसलिए आरोप प्रत्यारोप में अपनी ऊर्जा समाप्त न करें हम सबको मिलकर ही नगर की समस्याओं का समाधान करना है आप सभी का साथ आवश्यक है।

## सभी समाज के सुख-दुख में शमिल होता है सेन समाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ब्लॉक मुख्यालय डौंडी लोहारा के लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में गत दिनों जिला सेन समाज बालोद द्वारा जिला स्तरीय सेन जी महराज जयंती समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं डौंडी लोहारा विधायक अनीला भेड़िया थी, वहीं कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर की प्रतिनिधि शामिल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेन समाज के जिलाध्यक्ष जगन लाल कौशिक ने की, वहीं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष लालनिवेन्द्र टेकाम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, अध्यक्ष प्रांत सेन संघ रुपेश ठाकुर, मनोज ठाकुर, संतोष कौशिक तथा नगर पंचायत के पार्षदगण शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर प्रतिनिधि ने कहा कि सभी समाज के सुख दुख में खड़े रहने वाला समाज सेन समाज है। सदियों से अपने निस्वार्थ सेवाभाव का निर्वहन सेन समाज के भाइयों के द्वारा किया जा रहा है। हमारे सनातन धर्म में सेन समाज का स्थान महत्वपूर्ण है उनके बिना कोई भी सामाजिक व धार्मिक कार्य संभव नहीं होता। बच्चों के जन्म से लेकर अनेक संस्कार, विवाह और मृत्यु संस्कार तक सेन समाज की भागीदारी बनी रहती है। सेन समाज संगठित होकर सेवाभाव के साथ आगे बढ़ रहा है।

## हिंदू जागरण मंच ने आतंकियों का फूंका पुतला




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

■ प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

गुरुवार को हिन्दू जागरण मंच कुम्हारी के तत्वाधान में सर्व हिन्दू समाज द्वारा बीते दिनों कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सर्व हिन्दू समाज आक्रोशित हैं। जिस तरह आतंकियों ने जाति नहीं धर्म पूछकर 27 हिंदुओं की बेरहमी से गोली मारकर हत्या की वह बेहद शर्मनाक हैं। इस घटना में छत्तीसगढ़ से भी कुछ हिन्दू परिवार कश्मीर घूमने गए थे जिनकी हत्या कर दी गई इसके विरोध में हिन्दू जागरण मंच ने आतंकियों का पुतला दहन कर पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, हिन्दू पर अत्याचार बंद करो, हिंदुओं की हत्या बंद करो के नारे लगाकर प्रदर्शन किया। उपस्थित लोगों ने इस घटना में अपनी जान गंवाने वाले हिंदुओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया साथ ही सरकार से गुजारिश की है कि इसके लिए दोषी पाकिस्तान को सबक सिखाकर आतंकवाद को खत्म किया जाय। हिंदू जागरण मंच प्रांत संयोजक अवधेश दुबे ने कहा की ऐसे इस्लामिक आतंकवाद जो हिंदू का धर्म पूछकर उन्हें मारा हैं यह दर्शाता हैं कि हिंदुओं से इस्लाम को कितनी नफरत हैं। बंगलादेश, बंगाल, कश्मीर में हिंदुओं का कत्लेआम हो रहा हैं निश्चित रूप से इससे गहरे षड्यंत्र की बू आ रही हैं। इसके अलावा हरिदास वैष्णव, विशाल ताम्रकार, रामबिहारी मिश्रा, लोकेश साहू, पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, मिथिलेश यादव, सुनील चंद्राकर, राजू निषाद एवं बबला चंद्राकर ने भी अपना वक्तव्य रखा एवं सरकार को आतंकवाद के खिलाफ कड़ा कदम उठाने की अपील की। अंत मे उपस्थित सभी लोगों ने मृतात्माओं को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की और तहसीलदार पवन ठाकुर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

### आरुणी बने विधायक प्रतिनिधि

**धमधा।** स्थानीय नगर पंचायत साजा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू ने भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व राजनंदगांव जिला सह प्रभारी पूर्व पार्षद व पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष आरुणी दानी को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के पश्चात भाजपा धमधा मंडल युवा मोर्चा, महिला मोर्चा अन्य सदस्यों ने खुशी जाहिर की व मुंह मीठा कराकर बधाई दी। इस मौके पर आरुणी ने अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सारे कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों के मान सम्मान का ध्यान रखकर जमीनी स्तर पर कार्य करेंगे। उनके सम्मान को ख़ुद का सम्मान बताया।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### निषाद समाज का सम्मेलन व सामूहिक विवाह 11 को

**गुण्डरदेही।** निषाद केंवट समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद के नेतृत्व में 11 मई को ग्राम फुडहर में आयोजित 51 जोड़ा आदर्श विवाह एवं छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) समाज के वार्षिक सम्मेलन एवं ग्राम भिलाई (अर्जुंदा) में 25 मई को आयोजित छत्तीसगढ़ जिला निषाद समाज बालोद का ष्वार्षिक अधिवेशन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को मुख्य आतिथि के सहमति के लिए सौजन्य भेंट मुलाकात कर कार्यक्रम में आने के लिए आग्रह किया। जिस पर मुख्यमंत्री ने सहस्त्र स्वीकार करते हुए कार्यक्रम मे आने सहमति प्रदान किया मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मंडल के सदस्य जिला अध्यक्ष राजेंद्र निषाद, जिला उपाध्यक्ष संतोष निषाद, तोरण पारकर, डंगनिया परिक्षेत्र अध्यक्ष लाभूराम निषाद, अर्जुंदा परिक्षेत्र अध्यक्ष बसंत निषाद, महानगर अध्यक्ष रायपुर महानगर सचिव मुकेश निषाद, उमाशंकर विनायक, वरिष्ठ समाज सेवक फूडहर युवा टीम के संजू निषाद, नरेश निषाद मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### मेधावी छात्रों को मेडल देकर किया सम्मानित



**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बगईकोन्हा में स्थानीय कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए जिसमें कक्षा छठवीं एवं सातवीं में प्रथम एवं द्वितीय आने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कक्षा छठवीं में तनु ने प्रथम व संदीप कुमार ने द्वितीय, सातवीं में जयप्रकाश ने प्रथम और गीतांजलि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधान पाठक टेमनलाल राणा ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान करते हुए सतत परिश्रम करने को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक वासुदेव पटेल ने किया। इस अवसर पर सरपंच सेवंत कुमार नेताम ग्राम पंचायत बगईकोन्हा द्वारा भी इन छात्रों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में मोहनलाल साहू, रामकुमार रावटे, वार्ड पंच नीरज कुमार भौसार्य, शिक्षकगण वासुदेव पटेल व मनीष देशमुख, शिक्षिका निशा साहू, गौतम तारम, मूलचंद राणा सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी शिक्षिका निशा साहू ने दी।

### एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 28 को

**बालोद।** जैन श्री संघ बालोद एवं उदयाचल चेरिटेबल आई हॉस्पिटल राजनांदगाँव के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जॉच शिविर का आयोजन 28 अप्रैल को महावीर भवन बालोद मे सुबह 10 से 5 बजे तक किया गया है।

### पुलिस का अभियान, 464 वाहनों पर चालानी कार्रवाई

**भिलाई।** नए पुलिस कप्तान के आते ही ट्रैफिक पुलिस यातायात नियमों के पालन को लेकर सख्त हो गई है। शुक्रवार को लोगों में ट्रैफिक सेंस जगाने और हाईवे पर अतिक्रमण कर लंबे समय से जमे लोगों पर कार्रवाई की गई।

# योग जीवन को निरोगी और उत्तम कार्यों को करने की प्रेरणा देता है : मनीष सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

कृषि महाविद्यालय मर्रा में जैन संत साध्वियों एवं जैन श्री संघ के सदस्यों ने शनिवार को शारीरिक समस्या से मुक्त रहने या होने के लिए योग की अंतराष्ट्रीय राष्ट्रीय योग विधा में नाम रोशन कर चुके मर्रा के योग खिलाड़ियों के गुरु मर्रा के पूर्व सरपंच 74 वषएॅय तुलाराम वर्मा ने योग विधा के हैरत अंग्रेज योग आसनों को बड़ी आसानी से जैन संत उपाध्यक्ष प्रवर महेंद्र सागर जी मसा, आध्यात्म मार्ग प्रणेता युवा संत मनीष सागर मसा सहित संतो एवं साध्वियों के समक्ष बड़ी सरलता से कृषि महाविद्यालय मर्रा प्रांगण में अद्भुत और शानदार प्रदर्शित किए और कहा योग करो निरोग रहो। जीवन मिली है भोग विलासिता से बचकर अच्छे कर्मो में उपयोग करो स्वस्थ रहो मस्त रहो। वर्मा ने योग माध्यम से रोगों से बचाव और स्वस्थ रहने की आसन भी बताए।

## मर्रा कृषि महाविद्यालय के प्रांगण योग का प्रदर्शन किया गया



### संत सुबह आए और शाम को बिहार किया

इस अवसर पर संत समागम में जैन श्रीसंघ जामगांव आर मर्रा मोतीपुर दुर्ग धमतरी के सदस्य उपस्थित रहे। शनिवार को प्रातः कृषि कालेज मर्रा में पधारे जैन संतो साध्वियों का समूह शाम को बिहार कर सातरा में रात्रि विश्राम किए।



तन मन धन का योग लोक परलोक संवारती है उपाध्याय प्रवर आध्यात्म योगी महेंद्र सागर महाराज ने कहा कि तन को स्वस्थ रखने के लिए योग को अपनाए मन को स्वस्थ रखने के लिए आध्यात्म की शरण में जाए और धन को स्वस्थ रखने के लिए आडम्बर मुक्त होकर धर्म नीति अनुरूप धन का अर्जन करे।तन पर योग का मन पर आध्यात्म का धन अर्जन पर धर्म नीति का लगाम लगाए लोक परलोक में आनंद पाने का रास्ता बनाए। संत श्री ने कहा कि तन मन धन का योग लोक परलोक संवारती है।

समर्पित पुरुषार्थ से कठिन कार्य भी सरल बन जाते है। आध्यात्म मार्ग प्रणेता मनीष सागर जी महाराज ने कहा कि आलस त्यागे समर्पित होकर लक्ष्य प्राप्ति की ओर अर्जुन लक्ष्य बनाकर आगे बढ़े मंजिल कदम चूमती है। संत श्री ने कहा कि 74 वषएॅय तुलाराम वर्मा बड़ी निपुणता के साथ योग की कठिन से कठिन विधा सबके सामने बड़ी सरलता से करके दिखाए इनके पुरुषार्थ से सिख लेना चाहिए कि सतत प्रयास करने से असंभव भी संभव हो जाती है। संत श्री ने कहा कि सरलता नम्रता सादगी के आभूषण से सुसज्जित श्री वर्मा जी इस उम्र में योग के प्रेरणा पुंज बनकर सीख दे रहे जो एक शानदार मिशाल है।सभी संतो ने बड़ी ध्यान से योग विधा और 74 वर्ष की आयु में कमाल के योगी को देखते आश्चर्य चकित रहे।

## कार्यक्रम : माता कर्मा ने समाज को आध्यात्मिक शक्ति प्रदान की और भामाशाह से दान की मिसाल दी

# साहू समाज मेहनत, त्याग और तपस्या से अपनी विशेष पहचान बनाई : साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने कहा कि साहू समाज का इतिहास अत्यंत वैभवशाली एवं गौरवपूर्ण है। साव आज जिला मुख्यालय बालोद के जुरएँ पारा में नवनिर्मित साहू सदन के लोकार्पण एवं कर्मा महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सांसद भोजराज नाग, कसडोल विधायक संदीप साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, पूर्व विधायक बिरेन्द्र साहू एवं प्रीतम साहू सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख और पवन साहू सहित साहू समाज के जिला अध्यक्ष सोमन साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा समाज प्रमुखगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने इस नवनिर्मित साहू सदन में छात्रवास निर्माण एवं भवन के विस्तार हेतु 25 लाख रूपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने इस भवन के विस्तार एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए समय–समय पर हर्ष संभव मदद उपलब्ध कराने की बात भी कही। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री साव एवं अतिथियों के द्वारा फीता काटकर नवनिर्मित साहू सदन का लोकार्पण भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने साहू समाज को एक मेहनतकश, ईमानदार एवं देशभक्त समाज बताते हुए साहू समाज के विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। साव ने कहा कि जब महाराणा प्रताप हल्दी घाटी के युद्ध में मुगल सम्राट अकबर के साथ युद्ध करते हुए अपना सब कुछ खो गए थे। ऐसे विषम परिरिस्थतियों में हमारे समाज के गौरव दानवीर भामाशाह ने महाराणा प्रताप को अपार धन–संपदा देकर उन्हें पुनः सबल एवं सक्षम बनाया था। उन्होंने कहा कि इसके फलस्वरूप महाराणा प्रताप सम्राट अकबर के खिलाफ पुनः युद्ध कर उन्हें कठिन चुनौती दे पाए थे। साव ने कहा कि हमारे समाज के गौरव भक्त माता कर्मा को भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी खिलाने का सौभाग्य एवं गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि भक्त माता कर्मा का योगदान एवं उनके गौरवगाथा साहू समाज सहित सभी समाजों के लिए अत्यंत अनुकरणीय है। साव ने साहू समाज के विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साहू समाज आज अपने मेहनत एवं त्याग और तपस्या के बलबूते से अग्रणी है। उन्होंने कहा कि साहू समाज आज राज्य की सबसे बड़ी समाज है लेकिन अब साहू समाज को राज्य के सबसे बड़े समाज होने के साथ–साथ बेहतर एवं श्रेष्ठ समाज भी बनाना है। इस अवसर पर साव ने जिला मुख्यालय बालोद में बेहतर एवं विशाल जिला साहू सदन के निर्माण हो जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इसके लिए उन्होंने साहू समाज के सभी लोगों के योगदानों को प्रसंशा करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।





### भोजराज नाग ने साहू समाज के विशेषताओं एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर डाला प्रकाश

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश साहू समाज के अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने जिला मुख्यालय बालोद में इस विशाल साहू सदन के निर्माण में उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं समाज के प्रत्येक लोगों के योगदानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद भोजराज नाग ने साहू समाज के विशेषताओं एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि साहू समाज के मेहनत एवं ईमानदारी के बलबूते पर साहू समाज के बेटा नरेन्द्र मोदी को आज तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने का गौरव हासिल हुआ है। इस अवसर पर उन्होंने साहू समाज के उन्नति हेतु 10 लाख रूपये की राशि प्रदान करने की घोषणा भी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा क्षेत्र कसडोल के विधायक संदीप साहू ने बालोद जिले के साहू समाज के संगठन एवं समाज के नवनिर्माण में जिले के साहू समाज के लोगों के योगदान एवं भूमिका की भूरी–भूरी सराहना की। कार्यक्रम का स्वागत भाषण करते हुए साहू समाज के जिला अध्यक्ष सोमन साहू ने समाज के मांगों एवं आवश्यकताओं की ओर अतिथियों का ध्यान आकृष्ट कराया।



### आतंकी हमले का विरोध मृतकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद के द्वारा कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले का विरोध किया गया। इस हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को धमतरी चौक गुण्डरदेही में मौन श्रद्धांजलि दी गई एवं दोषियों पर शक्त कार्यवाही की मांग की गई। छग. सर्व आदिवासी समाज ने इस घटना की निंदा की, सांसद भोजराम नाग ने कहा कि यह आतंकवादियों की कायराना हरकत है, छग सर्व आदिवासी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार राय ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से सख्त कारवाही की अपील की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अर्जुनसिंह तारम, थानसिंह मंडावी, रामदयाल ठाकुर, लीला राम ठाकुर, उमाशंकर नेताम, दालसिंह मंडावी, पार्षद संतोष नेताम, दिलीप मंडावी, लेखराम ईश्वर प्रमोद कंवर पुरेन्द्र चंद्रवंशी, घनश्याम सिंह ठाकुर जगन्नाथ ठाकुर संतु मरकाम मौजूद थे।



### आतंकी हमले के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

**बालोद।** गायत्री शक्तिपीठ बालोद में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में एवम उसमें मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिलीप पटेल, अलख राम, दर्शन कलिहारी, टीआर साहू, अवधा बिहारी राजपूत, कमल टुवानी, युगल किशोर, शांति बाई साहू, लोचन साहू उपस्थित थे।

# प्राथमिक शाला कचांदूर में पढ़ाई तिहार मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



प्राथमिक शाला कचांदूर में शुक्रवार को कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों के साथ अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत पढ़ाई तिहार मनाया गया। कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले बच्चों को उनकी माताओं ने स्वयं स्कूल लेकर आए और प्रत्येक गतिविधि में शामिल हुए।

शाला में पढ़ाई तिहार मानने हेतु पूर्व तैयारी की गई थी जिसमें 1 से 9 काउंटर बनाया गया। पढ़ाई तिहार में 5 दक्षताओं पर कार्य किया गया, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित पूर्व तैयारी तथा अंतिम बच्चों का कोना शामिल है। माताओं तथा बच्चों का स्वागत करते हुए प्रत्येक काउंटर में जाकर गतिविधि करवाया गया। गतिविधियों में से सीधी रेखा में चलना टेढ़ी मेढ़ी रेखा में चलना, सिर में पुस्तक रखकर चलना, कूदना, रस्सी कूदना जैसे गतिविधियों में बच्चे माता तथा अन्य ग्रामीण बहुत इंजॉय किए।

पढ़ाई तिहार मेले का अवलोकन करने हेतु ब्लॉक गुण्डरदेही से एफएलएन प्रभारी सनत वर्मा, श्रवण पांडेय शामिल हुए, जिन्होंने पढ़ाई तिहार का उद्देश्य बताते हुए आगामी दिनों गमएँ माह में बच्चों की शाला पूर्व तैयारी करवाने हेतु माताओं के साथ चर्चा किए। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और सदस्य मेले में शामिल हुए और माताओं को प्रोत्साहित किए।

### दिसंबर में आयोजित यज्ञ अनुष्ठान के लिए तैयारी जारी

# 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ के लिए घर-घर में संपर्क अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



गायत्री शक्तिपीठ बालोद में 8 दिसंबर से 11 दिसंबर को 108 कुंडी गायत्री महा यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ बालोद में उप जोन समन्वयक केपी सिंह ने कहा कि बालोद शहर का सौभाग्य है कि 108 यज्ञ की स्वीकृति हरिद्वार से प्राप्त हुआ है। जिसके बैठक के पूर्व गायत्री शक्तिपीठ उत्तई के टॉक, महिलांग, लोकनाथ साहू ने मां गायत्री का विधि विधान से पूजा किया गया। पश्चात सभी अथितियो का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। टॉक ने कहा कि घर घर जाकर लोगों से संपर्क कर देव स्थापना करना है जिसमें गायत्री परिवार द्वारा फोटो माला और साहित्य भेंट किया जा सकता है, उन्हीं में से यज्ञ के लिए यजमान तय करना है उनसे संकल्प पत्र भरना पड़ेगा ब्लाक में जितने गांव है वहां पहुंचना है।

बालोद ब्लाक समन्वयक लोचन राम साहू ने बालोद ब्लाक में पांच कुंडी यज्ञ और दीप यज्ञ किया जा रहा है, बालोद समन्वयक सदस्य गांव गांव प्रचार प्रसार किया जा रहा है। अध्यक्ष नगर समन्वयक आरपी यादव ने बताया कि बालोद शहर के सभी मोहल्ले में दीप यज्ञ किया गया है आगे और पुनः घर घर देव स्थापना किया जाएगा। आगे कहा कि अभी 20 घरों में अन्न घट जारी है सभी घरों में संपर्क कर करना बाकी है। मिलन सिन्हा ने 51 की कुंडी यज्ञ की सफलता की कहानी बताया मिल जुलकर एकता बनाए रखना चाहिए। महिलांग, गजेंद्र, कांति साव ने 365 घरों में देव स्थापना और अन्न घट 50, घरों में किया गया है कि जानकारी दिया।

केपी सिंह ने कहा आयोजन में होने वाले सभी विषयों पर गहन चिंता करे गुरुदेव के युग निर्माण योजना, गुरुदेव के पूर्व घटना की जानकारी दिया। आगे कहा कि योजना बनाकर अच्छी तैयारी करे, ज्यादा से ज्यादा लोगों से संपर्क करे, कलिहारी ने 108 यज्ञ की स्वीकृति हरिद्वार से मिलना बताया। गांव में प्रचार प्रसार की जा रही है कई गांवों में दीप यज्ञ किया जा रहा है ज्यादा गांवों मे भी युग साहित्य का वितरण किया जा रहा है कहा कि हमारे परिजनों में बहुत कमजोरी है उसमें सुधार होगा अपन व्यक्तित्व को निखारना होगा। आगे कहा कि सभी ज्यादा से ज्यादा समय दान करे गुरुदेव के कार्य में तन मन धन से सहयोग करे। मंच संचालन कमल साव ने किया।

### आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

**डौंडीलोहारा।** गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा के प्रज्ञा पुत्रों द्वारा भारत देश के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष 26 पर्यटकों को आतंकवादियों ने गोलीमार कर मौत की नींद सुला दिया। इससे आहत समस्त देशवासियों के साथ ही गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा में प्रज्ञा पुत्रों ने श्रध्दांजली देकर आत्मा की शांति व परिवार जनों के प्रति संवेदना व्यक्त किया।



### आंबेडकर जयंती पर बुद्ध प्रतिमा की स्थापना आज

**बालोद।** तथागत गौतम बुद्ध की मूर्ति स्थापना एवं जिला स्तरीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती समारोह रविवार 27 अप्रैल को दोपहर 12 बजे डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम फरदफोड़ में आयोजित किया जाएगा। नवनिर्मित बुद्ध विहार में भंते धम्मतप श्री (राजनांदगांव), भंते ज्ञानबोधि जी जगदलपुर के द्वारा बुद्ध वंदना की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गुण्डरेदही कुंवर सिंह निषाद होंगे, अध्यक्षता भारतीय बौद्ध महासभा जिला इकाई बालोद के अध्यक्ष दिलीप मेश्राम करेंगे। विशिष्ट अतिथि अपर कलेक्टर जिला नारायणपुर विरेन्द्र बहादुर पंचभाई, भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत काण्डे, सेवानिवृत्त उपायुक्त आदिम जाति विकास डीपी. लोन्हारे, परिक्षेत्र अध्यक्ष देवरीबंगला देवेन्द्र मेश्राम होंगे। विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य कुलशन चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष डौण्डीलोहारा क्रांति सोनबरसा, जनपद सदस्य टीकम निषाद, सरपंच ग्राम पंचायत फरदफोड़ नीलिमा ठाकुर, पूर्व विधायक जनक लाल ठाकुर, भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारी राजेश गनवीर, प्रदेश अध्यक्ष महिला सशक्तिकरण प्रज्ञा काण्डे उपस्थित रहेंगे। भारतीय बौद्ध महासभा जिला बालोद द्वारा इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट

■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.



नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंठ, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
23 मई 2025
06 जून 2025
14 अगस्त 2025
11 सितंबर 2025
03 अक्टूबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411